Please check the examination details below before entering your candidate information

| नाम | कक्षा | विभाग |
|---|---|---|
| | | |

# BLOOM हिन्दी ओलम्पियाड (BHO)

## प्रश्न-पत्र 2024-25

कक्षा 6

कुल प्रश्न : 50 + 5 (Tie-Breaking सेक्शन)

**कुल निर्धारित समय :** 60 मिनट

**कुल अंक** : 60

## निर्देश

1. इस पुस्तिका में **50 बहुविकल्पीय प्रश्न** हैं, जिनके 4 विकल्प दिए गए हैं। इनमें से **सिर्फ एक विकल्प** सही है।
2. इस प्रश्न-पत्र को दो खण्डों में बाँटा गया है—**सेक्शन 'A'** और **सेक्शन 'B'**। सेक्शन A में 40 प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है तथा सेक्शन B में 10 प्रश्न हैं, जो उच्च चिंतन कौशल पर आधारित हैं। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है।
3. सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं। किसी भी गलत उत्तर के लिए **नकारात्मक अंक** नहीं दिया जाएगा।
4. पूरे प्रश्न-पत्र को करने के लिए 1 घण्टे का समय निर्धारित है।
5. पेपर को करने से पहले नीचे दिए गए स्थान में अपनी जानकारी अवश्य भरें।

## OMR शीट निर्देश

1. पेपर शुरू करने से पहले OMR शीट में सभी जानकारी भरें।
2. पेपर शुरू होने से पहले OMR शीट भरने के लिए 10 मिनट अधिक दिए जाएँगे।
3. OMR शीट में सही गोले को भरने के लिए HB पेंसिल का प्रयोग करें। OMR शीट में सही तरह से गोला भरने का तरीका नीचे दिया गया है।
   ● ○ ○ ○
4. OMR शीट में सभी जानकारी भरने के लिए काले या नीले बॉल पेन या HB पेंसिल का प्रयोग कर सकते हैं। आंशिक रूप से भरी गई OMR शीट की जाँच नहीं की जाएगी।
5. पेपर समाप्त होने के बाद OMR शीट निरीक्षक को वापस कर दें।

CODE #177

HI6

BLOOM CAP
Founded by | arihant

## सेक्शन 'A' (1 अंक)

**1.** 'कृपया कल फिर आइए।' प्रस्तुत वाक्य अर्थ के आधार पर कौन-सा वाक्य है?
(a) प्रश्नवाचक (b) विधेयात्मक
(c) आज्ञावाचक (d) विस्मयवाचक

**2.** 'राजपुत्र' में कौन-सा समास है?
(a) तत्पुरुष (b) कर्मधारय
(c) द्वन्द्व (d) बहुव्रीहि

**3.** आ, ई, ऊ, ऐ, औ कौन-से स्वर हैं?
(a) ह्रस्व (b) दीर्घ
(c) स्पर्श (d) ऊष्म

**4.** 'गाड़ी इस्टेशन पर आने वाली है।' रेखांकित शब्द का शुद्ध रूप है
(a) सटेशन (b) स्टेसन
(c) स्टेशन (d) इस्टेसन

**5.** 'मीठा' शब्द किसका विशेषण है?
(a) मिठाई (b) मिठास
(c) खट्‌टा (d) रंग

**6.** 'अशुद्ध' शब्द में उपसर्ग कौन-सा है?
(a) अ (b) शुद्ध
(c) अशुद्ध (d) अशु

**7.** 'सीता गाना गा रही है।' वाक्य किस काल के रूप में है?
(a) सामान्य वर्तमान काल (b) तात्कालिक वर्तमान काल
(c) पूर्ण वर्तमान काल (d) भविष्यत काल

**8.** 'पुष्प' शब्द का समानार्थी शब्द नहीं है
(a) कुसुम (b) सुमन
(c) प्रसून (d) कमल

**9.** 'आसमान से बातें करना' मुहावरे का क्या अर्थ है?
(a) बहुत ऊँचाई पर होना
(b) बहुत अधिक बोलना
(c) उड़ना
(d) लड़ाई करना

**10.** 'रामचरितमानस' के रचनाकार कौन हैं?
(a) सूरदास (b) कबीर
(c) रहीम (d) तुलसीदास

**11.** 'माँ ने पत्र लिखा।' प्रस्तुत वाक्य में कौन-सी क्रिया है?
(a) सकर्मक क्रिया (b) अकर्मक क्रिया
(c) कालवाचक क्रिया (d) क्रिया-विशेषण

**12.** 'पर्याप्त' शब्द में क्रिया-विशेषण का कौन-सा भेद है?
(a) स्थानवाचक (b) रीतिवाचक
(c) परिमाणवाचक (d) कालवाचक

**13.** 'वे' किस प्रकार का सर्वनाम है?
(a) निश्चयवाचक (b) सम्बन्धवाचक
(c) पुरुषवाचक (d) प्रश्नवाचक

**14.** भारत के संविधान में इनमें से कौन-सी भाषा नहीं है?
(a) तमिल (b) मराठी
(c) कश्मीरी (d) फारसी

**15.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द शुद्ध वर्तनी वाला है?
(a) निमंन्त्रण (b) नीमन्त्रन
(c) निमन्त्रण (d) निमन्त्रणन

**16.** 'जिसकी लाठी उसकी भैंस' मुहावरे का प्रयोग किस स्थिति में किया जाता है?
(a) जब कोई व्यक्ति अपनी बुद्धि का उपयोग करता है।
(b) जब कोई व्यक्ति अपनी शक्ति का प्रयोग करके अपना अधिकार जताता है।
(c) जब कोई व्यक्ति अपनी दौलत का उपयोग करता है।
(d) जब कोई व्यक्ति अपनी दोस्ती का उपयोग करता है।

**17.** निबन्ध लिखते समय सबसे पहले क्या लिखना चाहिए?
(a) भूमिका (b) निष्कर्ष
(c) सम्बोधन (d) मुख्य विषय

**18.** निम्नलिखित में से भाववाचक संज्ञा बताइए
(a) महेन्द्र (b) लिखना
(c) हँसना (d) कुर्सी

**19.** निम्नलिखित वाक्यों में से भूतकाल का वाक्य बताइए
(a) राम खाना खाता है।
(b) राम खाना खाएगा।
(c) राम खाना खा रहा है।
(d) राम खाना खा रहा था।

**20.** 'हाथ' किस प्रकार का शब्द है?
(a) तत्सम
(b) तद्‌भव
(c) देशज
(d) विदेशज

**21.** 'त्रिभुवन' शब्द में कौन-सा समास है?
(a) द्वन्द्व समास
(b) तत्पुरुष समास
(c) कर्मधारय समास
(d) द्विगु समास

**22.** 'ईदगाह' कहानी के लेखक कौन हैं?
(a) तुलसीदास
(b) रहीमदास
(c) प्रेमचन्द
(d) रामधारी सिंह दिनकर

**23.** रामचरितमानस में पात्र नहीं है
(a) राम
(b) अर्जुन
(c) रावण
(d) जामवन्त

**24.** महाकाव्य की विशेषता है
(a) भीरु नायक
(b) आठ या अधिक सर्ग
(c) जीवन के किसी एक खण्ड की कथा
(d) पात्रों की संख्या सीमित

**25.** 'सुदर्शन' शब्द का वर्ण विन्यास बताइए
(a) स्+उ+द्+र्+श+न
(b) स्+उ+द्+अ+र्+श्+अ+न्+अ
(c) सु+द+र+श+न
(d) सु+द+र्श+न

**26.** क्रिया के जिस रूप से कार्य के होने के समय का पता चलता है, उसे क्या कहते हैं?
(a) काल
(b) संज्ञा
(c) सर्वनाम
(d) विशेषण

**27.** निम्नलिखित में से अव्यय शब्द कौन-सा है?
(a) यथा
(b) सम्भव
(c) गाय
(d) अनन्त

**28.** अश्व का पर्यायवाची इनमें से कौन-सा शब्द नहीं है?
(a) घोटक
(b) घोड़ा
(c) समीर
(d) तुरग

**29.** पगड़ी कैसा शब्द है?
(a) तत्सम
(b) तद्‌भव
(c) देशज
(d) विदेशज

**30.** 'ईद का चाँद हो जाना' मुहावरे का क्या अर्थ है?
(a) बहुत दिनों बाद दिखाई देना
(b) बहुत खूबसूरत होना
(c) बहुत लोकप्रिय हो जाना
(d) बहुत दूर हो जाना

**31.** 'चिरायु' में कौन-सा उपसर्ग है?
(a) चि
(b) चिर्
(c) चिरा
(d) चीर

**32.** 'पंचवटी' में कौन-सा समास है?
(a) द्विगु समास
(b) अव्ययीभाव समास
(c) तत्पुरुष समास
(d) बहुव्रीहि समास

**33.** 'कामायनी' किनकी रचना है?
(a) जयशंकर प्रसाद
(b) माखनलाल चतुर्वेदी
(c) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(d) प्रेमचन्द

**34.** सजीव का विलोम शब्द क्या होगा?
(a) चेतन
(b) असहाय
(c) मृत
(d) परजीव

**35.** 'तालाब' का पर्यायवाची शब्द नहीं है?
(a) सरोवर
(b) तड़ाग
(c) जलाशय
(d) देवनदी

**36.** 'जो सब कुछ जानता हो' वाक्यांश के लिए एक शब्द है?
(a) सदाचारी
(b) सर्वज्ञ
(c) साकार
(d) अजर

**37.** 'स्वागत' का सन्धि-विच्छेद क्या होगा?
(a) सु + आगत
(b) स्वा + गत
(c) स्व + आगत
(d) स + आगत

**38.** स्पर्श व्यंजनों की संख्या कितनी होती है?
(a) 12
(b) 24
(c) 25
(d) 52

**निर्देश** (प्रश्न संख्या 39-40) दिए गए गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

पिताजी दीवान थे, पर थे तो नौकर ही न! फिर राजप्रिय थे। अतः अधिक पराधीन थे। ठाकुर साहब आखिरी घड़ी तक जाने न देते थे। अन्त में दो दिन बाद जाने दिया और उनके जाने के लिए खास डाक बिठाई गई, पर विधना के मन में कुछ और ही था। राजकोट से पोरबन्दर का फासला साठ कोस है। बैलगाड़ी से पाँच दिन का रास्ता था। पिताजी तीन दिन में पहुँचे। आखिरी मंजिल में तांगा उलट गया। पिताजी को सख्त चोट आई। हाथ पर पट्टी, पीठ पर पट्टी बाँधे

पहुँचे। विवाह का उनका और हमारा आधा आनन्द चला गया। पर ब्याह तो हुआ ही। लिखा मुहूर्त कहीं टल सकता है? मैं तो ब्याह के बाल-उल्लास में पिताजी का दुःख भूल गया!

पितृभक्त तो मैं (मोहनदास करमचन्द गाँधी) अवश्य था, पर वैसा ही विषय-भक्त भी तो था! यहाँ विषय का तात्पर्य - केवल एक इन्द्रिय के विषय से नहीं है, बल्कि भोगमात्र से है। माता-पिता की भक्ति के लिए सब सुख छोड़ना चाहिए, यह ज्ञान तो आगे चलकर होने वाला था। फिर भी कौन जाने, मुझे इस भोगेच्छा का दण्ड भोगने के लिए ही इस तरह से मेरे जीवन में एक प्रतिकूल घटना हो गई, जो मुझे आज तक परेशान करती है।

**39.** प्रस्तुत गद्यांश किसके द्वारा लिखा गया है?

(a) सरदार पटेल (b) महात्मा गाँधी
(c) जवाहरलाल नेहरू (d) अबुल कलाम आजाद

**40.** राजकोट से पोरबन्दर की दूरी कितनी थी?

(a) साठ किलोमीटर (b) साठ मील
(c) साठ योजन (d) साठ कोस

## सेक्शन 'B' (2 अंक)

**41.** शब्दों का उनकी सन्धि से मिलान कीजिए

| | **सूची I** (सन्धि) | | **सूची II** (शब्द) |
|---|---|---|---|
| A. | दीर्घ सन्धि | 1. | एकैक |
| B. | यण् सन्धि | 2. | महोत्सव |
| C. | गुण सन्धि | 3. | लिखना |
| D. | वृद्धि सन्धि | 4. | महात्मा |

**कूट**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (b) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (c) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (d) | 2 | 3 | 4 | 1 |

**42.** निम्न मुहावरों को उनके अर्थ से सुमेलित कीजिए

| | **सूची I** (मुहावरा) | | **सूची II** (अर्थ) |
|---|---|---|---|
| A. | आँख का तारा होना | 1. | शान्ति भंग कर देना |
| B. | खून का प्यासा होना | 2. | समय नष्ट करना |
| C. | दिन गँवाना | 3. | अत्यन्त प्रिय होना |
| D. | पानी में आग लगाना | 4. | जानी दुश्मन होना |

**कूट**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (b) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (c) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (d) | 4 | 2 | 3 | 1 |

**43. कथन** (A) उपसर्ग शब्द के आगे लगकर उसके अर्थ को बदलता है।

**कारण** (R) उपसर्ग और प्रत्यय दोनों ही शब्द के अन्तिम भाग में जुड़ते हैं।

**कूट**

(a) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) कथन (A) सही है, किन्तु कारण (R) गलत है।
(d) कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।

**44. कथन** (A) काल का उपयोग क्रिया की समयावधि को व्यक्त करने के लिए किया जाता है।

**कारण** (R) काल तीन प्रकार के होते हैं- वर्तमान, भूत और भविष्यत।

**कूट**

(a) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) कथन (A) सही है, किन्तु कारण (R) गलत है।
(d) कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।

**45. कथन** (A) विशेषण, संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताने वाला शब्द होता है।

**कारण** (R) विशेषण का मुख्य कार्य संज्ञा की संख्या व प्रकार बताना है।

**कूट**

(a) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) कथन (A) सही है, किन्तु कारण (R) गलत है।
(d) कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।

**46.** **कथन** 1 दो स्वरों के मेल से उनमें होने वाले परिवर्तन को स्वर सन्धि कहते हैं।

**कथन** 2 सन्धि का तात्पर्य शब्दों के मेल से एक नया शब्द बनना है।

**कूट**

(a) कथन 1 और 2 दोनों सही हैं।

(b) कथन 1 और 2 दोनों गलत हैं।

(c) कथन 1 सही है, किन्तु 2 गलत है।

(d) कथन 1 गलत है, किन्तु 2 सही है।

**47.** सुमेलित कीजिए

| | **सूची I** (समास का नाम) | | **सूची II** (समस्त पद) |
|---|---|---|---|
| A. | बहुव्रीहि समास | 1. | नीलकमल |
| B. | अव्ययीभाव समास | 2. | दशानन |
| C. | द्वन्द्व समास | 3. | यथाशीघ्र |
| D. | कर्मधारय समास | 4. | माता-पिता |

**कूट**

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 2 | 1 | 4 | (b) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (c) | 2 | 3 | 4 | 1 | (d) | 4 | 2 | 3 | 1 |

**48.** सुमेलित कीजिए

| | **सूची I** (लेखक) | | **सूची II** (रचनाएँ) |
|---|---|---|---|
| A. | पूस की रात | 1. | रामधारी सिंह दिनकर |
| B. | शृंखला की कड़िया | 2. | जयशंकर प्रसाद |
| C. | आकाशदीप | 3. | प्रेमचन्द |
| D. | उर्वशी | 4. | महादेवी वर्मा |

**कूट**

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 3 | 4 | 1 | (b) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (c) | 4 | 3 | 1 | 2 | (d) | 3 | 4 | 2 | 1 |

**49.** सुमेलित कीजिए

| | **सूची I** (शब्द) | | **सूची II** (रूप) |
|---|---|---|---|
| A. | घी | 1. | तत्सम शब्द |
| B. | ठुमरी | 2. | विदेशज शब्द |
| C. | रिक्शा | 3. | तद्भव शब्द |
| D. | दुग्ध | 4. | देशज शब्द |

**कूट**

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 2 | 1 | (b) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (c) | 2 | 1 | 4 | 3 | (d) | 4 | 2 | 3 | 1 |

**50.** सुमेलित कीजिए

| | **सूची I** | | **सूची II** |
|---|---|---|---|
| A. | य | 1. | संयुक्ताक्षर |
| B. | क्ष | 2. | ऊष्म व्यंजन |
| C. | ह | 3. | स्पर्श व्यंजन |
| D. | क | 4. | अन्तःस्थ व्यंजन |

**कूट**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (c) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (d) | 4 | 2 | 3 | 1 |

# Tie-Breaking सेक्शन

**निर्देश**

1. इस खण्ड में 5 प्रश्न हैं।
2. इस खण्ड में प्राप्त अंकों को कुल अंकों में नहीं जोड़ा जाएगा।
3. यदि दो या दो से अधिक छात्रों के समान अंक आते हैं, तो उनमें विजेता का चयन इस खण्ड में प्राप्त अंकों के आधार पर किया जाएगा।
4. इस खण्ड को करना अनिवार्य नहीं है। छात्र इसे कर भी सकते हैं और नहीं भी।

**1.** 'लेखकों और ········· ने सुन्दर रचनाएँ की।' प्रस्तुत वाक्य में रेखांकित शब्द का लिंग-परिवर्तन क्या होगा?

(a) लेखक
(b) लेखिकाओं
(c) कवयित्रियों
(d) लेखिका

**2.** तत्पुरुष समास का उदाहरण है

1. राजद्रोही　　2. पीताम्बर
3. जगमोहन　　4. गुणयुक्त

**कूट**

(a) केवल 1　　(b) 2 और 3
(c) 1 और 4　　(d) 3 और 4

**3.** निम्नलिखित में से गुण स्वर सन्धि का उदाहरण है

1. सदैव　　2. देवर्षि
3. धर्मेन्द्र　　4. दुर्दैव

**कूट**

(a) केवल 1　　(b) 1 और 4
(c) 2, 3 और 4　　(d) 2 और 3

**4.** **कथन** (A) ज् + ञ के संयोग से 'ज्ञ' बनता है।
**कारण** (R) दो भिन्न व्यंजनों के परस्पर संयोग को संयुक्त व्यंजन कहते हैं।

**कूट**

(a) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) कथन (A) सही है, किन्तु कारण (R) गलत है।
(d) कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।

**5.** सुमेलित कीजिए

| | सूची I | | सूची II |
|---|---|---|---|
| A. | एक वस्तु का दूसरी वस्तु से सम्बन्ध ज्ञात होना | 1. | अपादान कारक |
| B. | किसी वस्तु का दूसरी वस्तु से अलग होना | 2. | सम्बोधन कारक |
| C. | किसी को बुलाना या पुकारना | 3. | सम्बन्ध कारक |
| D. | जिस शब्द पर क्रिया का प्रभाव पड़े | 4. | कर्म कारक |

**कूट**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (b) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (c) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (d) | 2 | 1 | 3 | 4 |